ओम प्रकाश राय
कुलसचिव

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांक: ए0के0टी0यू0/कुस0का0/का0परि0/2018/9459 दिनांक: 02-अप्रैल, 2018

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. प्रो0 कैलाश नारायण उपाध्याय, प्रतिकुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. निदेशक, आई0आई0टी0, रूड़की।
5. निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर।
6. प्रो0 एस0के0 अवस्थी, प्रतिनिधि-अध्यक्ष, अभातशिप, 71-दीन दयाल नगर, कानपुर-208002
7. श्री दिनेश अग्रवाल, फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0, इण्डिया मार्ट, दिल्ली।
8. श्री अजय चौधरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, साफ्टप्रो इण्डिया टैक्नोलॉजी प्र0लि0, सी-15, सेक्टर डी, अलीगंज, लखनऊ
9. प्रो0 एस0जी0 धाण्डे, पूर्व निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर।
10. प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय, निदेशक, के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर।
11. प्रो0 एस0पी0 पाण्डेय, निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, आजमगढ़।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि कार्यपरिषद की दिनांक 02.04.2018 को सम्पन्न हुई 32वीं बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित है। यदि कार्यवृत्त अंकन के संदर्भ में आपकी कोई टिप्पणी है तो उसे पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर अवगत कराने का कष्ट करें। यदि आपकी कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं होती है तो यह मान लिया जायेगा कि कार्यवृत्त का अंकन कार्यपरिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुरूप किया गया है।

**संलग्नक-यथोक्त**

भवदीय,

(ओम प्रकाश राय)
कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक: उपरोक्त।**

प्रतिलिपि: स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को सूचनार्थ।

(ओम प्रकाश राय)
कुलसचिव

**डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0 प्र0, लखनऊ की दिनांक 02.04.2018 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न हुई 32वी बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

| | |
|---|---|
| 1. प्रो0विनय कुमार पाठक<br>कुलपति<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | अध्यक्ष |
| 2. प्रो0 कैलाश नारायण उपाध्याय<br>प्रतिकुलपति<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 3. डा0 सरोज कुमार<br>विशेष सचिव,<br>प्रतिनिधि–सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0 शासन। | सदस्य |
| 4. श्री भानू प्रताप सिंह,<br>वित्त अधिकारी,<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ।<br>एवं प्रतिनिधि–प्रमुख सचिव, वित्त,उ0 प्र0 शासन। | सदस्य |
| 5. प्रो0 एस0जी0 धाण्डे<br>पूर्व निदेशक,<br>आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. प्रो0 एस0के0 अवस्थी<br>पूर्व निदेशक, एच0बी0टी0आई0 कानपुर एवं<br>नामित सदस्य अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली। | सदस्य |
| 7. डॉ0 शिशिर सिन्हा<br>निदेशक–प्रतिनिधि<br>आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 8. प्रो0 डी0 गोस्वामी,<br>निदेशक, प्रतिनिधि<br>आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. श्री दिनेश अग्रवाल<br>सी0ई0ओ0<br>इण्डिया मॉर्ट, दिल्ली। | सदस्य |

10. श्री अजय चौधरी — सदस्य
प्रबन्ध निदेशक,
साफ्ट प्रो0 इंण्डिया टेक्नो0, लखनऊ।

11. प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय — सदस्य
निदेशक,
के0एन0आई0टी0, सुलतानपुर

12. डा0 एस0पी0 पाण्डेय — सदस्य
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, आजमगढ़।

13. डॉ0 राजीव कुमार, — विशेष आमंत्री
परीक्षा नियत्रक,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

14. प्रो0 एच0के0 पालीवाल — विशेष आमंत्री
निदेशक,
आई0ई0टी0, लखनऊ।

15. प्रो0 वंदना सहगल — विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता / प्राचार्य
वास्तुकला संकाय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

16. प्रो0 मनीष गौड़ — विशेष आमंत्री
निदेशक,
सेन्टर फार एडवांस स्टडीज,
ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

17. डा0 वीरेन्द्र पाठक — विशेष आमंत्री
निदेशक,
यू0पी0इंस्टीट्यूट आफ डिजाईन,
ए0के0टी0यू0, नोएडा।

18. प्रो0 विनीत कंसल — विशेष आमंत्री
समन्वयक टेक्यूप–तृतीय
ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

19. श्री ओम प्रकाश राय — सचिव
कुलसचिव,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।

बैठक में अपरिहार्य कारणों से निम्नोक्त सदस्य उपस्थिति नही हो सके:

1. (पदमश्री) प्रो0 सैयद इकबाल हसनैन, पूर्व आचार्य, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों का स्वागत किया गयाएवं कार्यपरिषद के सम्मानित सदस्यों को कार्यपरिषद मे नामित नये सदस्यो से परिचय कराने के उपरान्त बैठक में व्यस्तता के कारण अनुपस्थिति रहे सदस्य को अवकाश स्वीकृत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अपेक्षा की गयी। अध्यक्ष महोदय की अनुमति उपरान्त कार्यसूची में सम्मिलित औपचारिक बिन्दुओं पर विचार विमर्श प्रारम्भ हुआ।

**मद संख्या 32.01 विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की दिनांक 11.12.2017 को सम्पन्न 31वीं बैठक के कार्यवृत्त अनुमोदन पर विचार।**

सचिव कार्यपरिषद द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यपरिषद की 31वीं बैठक का कार्यवृत्त विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/कुस0का0/कार्यपरिषद /2017/7337–45 दिनांक 30.12.2017 के साथ संलग्न कर कार्यपरिषद के सभी मा0 सदस्यो को प्रेषित किया गया था। कार्यवृत्त के अंकन के सन्दर्भ में कोई टिप्पणी/सुझाव प्राप्त नही हुआ है। इस परिपेक्ष्य में कार्यपरिषद द्वारा दिनांक 02. 04.2018 को सम्पन्न कार्यपरिषद की 31वी बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाहीः अन्य कोई कार्यवाही अपेक्षित नही)

**मद संख्या 32.02 कार्यपरिषद की दिनांक 11.12.2017 को सम्पन्न हुई 31वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

सचिव, कार्यपरिषद द्वारा दिनांक 11.12.2017 को सम्पन्न हुई कार्यपरिषद की 31वी बैठक में लिये गये निर्णय पर कृत कार्यवाही से परिषद को अवगत कराया गया। कार्यपरिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर चर्चा के उपरान्त संतोष व्यक्त किया गया।

(कार्यवाहीः अन्य कोई कार्यवाही अपेक्षित नही)

**मद संख्या 32.03 कार्यपरिषद की दिनांक 11.12.2017 को सम्पन्न हुई 31वीं बैठक के पश्चात परिचालन के माध्यम से अनुमोदित प्रकरणो का विवरण।**

कार्यपरिषद द्वारा दिनांक 11.12.2017 को सम्पन्न हुई 31वी बैठक के उपरान्त परिचालन के माध्यम से कार्यपरिषद के सदस्योकी सहमति से लिये गये निर्णय/अनुमोदित प्रकरण, के विवरण का संज्ञान लिया गया।

(कार्यवाहीः अन्य कोई कार्यवाही अपेक्षित नही)

**मद संख्या 32.04 विद्यापरिषद की दिनांक 22.03.2018 को सम्पन्न हुई 55वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन।**

कार्यपरिषद द्वारा कार्यसूची के विषय बिन्दु के अन्तर्गत प्रस्तुत विद्यापरिषद की दिनांक 22.03.2018 को सम्पन्न हुई विद्यापरिषद की 55वीं बैठक के कार्यवृत्त पर परिशीलनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाहीः उप कुलसचिव)

**मद संख्या 32.05 वित्त समिति की दिनांक 24.03.2018 को सम्पन्न हुई 50वीं बैठक केकार्यवृत्त पर अनुमोदन।**

कार्यपरिषद द्वारा कार्यसूची के विषय बिन्दु के अन्तर्गत प्रस्तुत वित्त समिति की दिनांक 22.03.2017 को सम्पन्न हुई 50वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर चर्चा के क्रम में निदेशक, आई0ई0टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि वित्त समिति के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या 18.50.04 में एम0टेक0 छात्रों का प्रस्तावित शुल्क (ट्यूशन शुल्क) रू0 73200/— अंकित किया गया है जबकि आगामी शैक्षिक सत्र 2018—19 से एम0टेक0 पाठ्यक्रम हेतु ट्यूशन फीस को रू0 45000/— किये जाने का निर्णय लिया गया था। कार्यपरिषद द्वारा वित्त समिति के कार्यवृत्त के अंकन की उक्त त्रुटि को उक्त सीमा तक संशोधित मानते हुए कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: वित्त अधिकारी)

**मद संख्या 32.06 विश्वविद्यालय की भवन एवं निर्माण समिति की दिनांक 20.03.2018 को सम्पन्न हुई 21वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन।**

कार्यपरिषद द्वारा कार्यसूची के विषय बिन्दु के अन्तर्गत प्रस्तुत भवन एवं निर्माण समिति की दिनांक 20.03.2018 को सम्पन्न हुई 21वीं बैठक के कार्यवृत्त पर परिशीलनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: अवर अभियंता)

**मद संख्या 32.07 शैक्षिक सत्र 2018—19 हेतु विश्वविद्यालय की सम्बद्धता समिति की दिनांक 29.01.2018 एवं 08.02.2018 को सम्पन्न हुई बैठकों की अनुशंसा के क्रम में स्थापित डिग्री फार्मेसी संस्थानों में डिप्लोमा संस्थान प्रारम्भ करने, स्थापित इंजीनियरिंग सेक्टर के डिग्री संस्थान को डिप्लोमा स्तरीय संस्थान में परिवर्तित करने इत्यादि की अनापत्ति निर्गमन पर कार्योत्तर अनुमोदन पर विचार।**

सचिव, कार्यपरिषद द्वारा शैक्षिक सत्र 2018—19 हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध डिग्री फार्मेसी संस्थानों में डिप्लोमा संस्थान प्रारम्भ करने, स्थापित इंजीनियरिंग सेक्टर के डिग्री संस्थान को डिप्लोमा स्तरीय संस्थान में परिवर्तित करने इत्यादि की अनापत्ति निर्गमन पर सम्बद्धता समिति की अनुशंसा और इन पर, शासन की सम्बद्धता समीक्षा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त, शासन द्वारा प्रदत्त सहमति के क्रम में कार्यपरिषद के कार्योत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में अनापत्ति निर्गत करने की कार्यवाही से परिषद को अवगत कराया गया। कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय से पूर्व से सम्बद्ध उक्त संस्थानो को विभिन्न प्रयोजनो हेतु शासन की सहमति उपरान्त निर्गत अनापत्ति जारी करने के निर्णयों पर अपना कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: उप कुलसचिव)

**मद संख्या 32.08 विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता की नियुक्ति पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा कार्यसूची के विषय बिन्दु के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर अपरिहार्य स्थितियो में कुलपति महोदय की अनुमति से नियुक्त किये गये अधिष्ठाओं, की नियुक्ति पर अपनी सहमति प्रदान करते हुए भविष्य में अधिष्ठताओं/सह अधिष्ठाताओं की नियुक्ति हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

**मद संख्या 32.09 विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रयोजनों से नियुक्त परामर्शियों का कार्यकाल वर्ष पर्यन्त संतोषजनक रहने के कारण, 3–3 माह की अवधि हेतु संतोषजनक सेवा के आधार पर अधिकतम अगले एक वर्ष तक के लिए विस्तारित करने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत करने पर विचार।**

सचिव, कार्यपरिषद द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में विश्वविद्यालय की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के निर्देशन, संचालन, समन्वयन एवं मार्गदर्शन हेतु, कार्यपरिषद द्वारा कुलपति को अधिकतम 10 परामर्शियों को विश्वविद्यालय में प्रारम्भिक रूप से तीन माह के लिए नियुक्त करने हेतु प्राधिकृत करने के साथ परामर्शियों के पूर्व सेवा के क्रम में तीन–तीन माह के अधिकतम तीन सेवा विस्तारण अनुमन्य करने के लिए अधिकृत किया गया है। साथ ही, परिषद को यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की विशिष्ट परियोजनाओ/कार्ययोजनाओं पर कार्यवाही जारी है, अतः इनको पूर्ण करने के लिए कार्यरत परामर्शियों का सहयोग आगे की अवधि हेतु भी आवश्यक है।

कार्यपरिषद द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा उपरान्त परामर्शियो की संतोषजनक पूर्व सेवा की स्थिति में, विशिष्ट परियोजनाओ/कार्ययोजनाओं हेतु उनके सतत् मार्गदर्शन/सहयोग की आवश्यकता पर उन्हे 01 वर्ष की पूर्व सेवा अवधि के क्रम में तीन–तीन माह का अधिकतम 04 क्रमागत विस्तारण अर्थात अधिकतम 02 वर्षो तक आबद्ध करने की स्वीकृत हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

**मद संख्या 32.10 विश्वविद्यालय के कर्मचारी श्री पी0के0 मिश्रा एवं श्री धीरज को अवर अभियन्ता के पद पर विनियमित करने एवं वेतनमान प्रदान करने के संबंध में श्री शशांक त्रिवेदी, मा0 विधायक, 145–महोली विधान सभा द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को प्रेषित पत्र पर विचार।**

सचिव, कार्यपरिषद द्वारा अवगत कराया गया कि श्री पी0के0 मिश्रा एवं श्री धीरज कुमार विश्वविद्यालय में 31 दिसम्बर, 2001 के पूर्व से नियत वेतन पर कार्यरत थें। दैनिक वेतन/वर्क चार्ज एवं संविदा पर दिनांक 31.12.2001 के पूर्व से कार्यरत कर्मियों को विनियमित करने के शासन के निर्णय के क्रम में निर्गत शासनादेश संख्याः 9/2016/वे0अ0–2–2001/10–2016–8(मू0स0स0)/2011टी0 सी0 दिनांक 24.02.2016 के क्रम में इन कर्मचारी द्वय को तदसमय परीक्षणोपरान्त अन्य कर्मचारियों के साथ कनिष्ठ लिपिक/कार्यालय सहायक पद पर दिनांक 30.

03.2016 से विनियमित किया गया है। सचिव, कार्यपरिषद द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इन कर्मचारी द्वय को इनके द्वारा क्रमशः धारित डिप्लोमा इन इलेक्ट्रानिक्स एवं डिप्लोमा इन आई0सी0 इलेक्ट्रानिक्स की शैक्षिक अर्हता के कारण अवर अभियंता के पद पर विनियमित करने हेतु श्री शंशाक द्विवेदी, मा0 विधायक, महोली विधान सभा का अनुरोध जो मा0 मुख्यमंत्री महोदय जी को सम्बोधित है विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है।

परिषद द्वारा, प्रकरण पर सम्यक चर्चा के उपरान्त इन कर्मचारी द्वय को वित्त वेतन आयोग के विनियमितिकरण सम्बन्धी शासनादेश दिनांक 24.02.2016 की व्यवस्था के अन्तर्गतअवर अभियंता के पद पर 30.03.2016 से विनियमित किये जाने के मा0 विधायक द्वारा मुख्यमंत्री जी को किये गये अनुरोध के समादर में, इन कर्मचारी द्वय को अवर अभियंता के पद पर विनियमित करने की सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त की गयी। साथ ही, कार्यपरिषद द्वारा निदेशित किया गया कि प्राथमिकता पर शासन को विनियमितिकरण के इस प्रकरण पर विश्वविद्यालय की सहमति से अवगत कराते हुए विनियमितिकरण के शासनादेश में, विनियमितिकरण के पूर्व पद पर किये जा रहे कार्य की प्रवृत्ति की अनिवार्यता को, शिथिल करने पर सम्बन्धित शासकीय विभागो की सहमति से प्रशासकीय विभाग द्वारा निर्देश जारी करने के साथ अवर अभियंता के एक–एक अधिसंख्य पद जिनकी शैक्षिक अर्हता क्रमशः डिप्लोमा इन इलेक्ट्रानिक्स (स्पेशलाईजेशन रिपेयर एण्ड मेंटीनेन्स एण्ड टी0वी0 रिसीवर्स) एवं डिप्लोमा इन इस्ट्रूमेन्टेशन एण्ड कन्ट्रोल (स्पेशलाईजेशन साइंन्टिफिक एण्ड एनालिटिकल इस्ट्रूमेन्टस) सृजित करने का अनुरोध किया जाय।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

**मद संख्या 32.11 षठदस दीक्षान्त समारोह–2018 के मुख्य अतिथि एवं दीक्षान्त समारोह के अवसर पर मानद् उपाधि से सम्मानित किये जाने वाले विद्वानो के नाम अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा कार्यसूची के विषय बिन्दु के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर षठदस दीक्षान्त समारोह–2018 के मुख्य अतिथि एवं दीक्षान्त समारोह के अवसर पर मानद् उपाधि से सम्मानित किये जाने वाले विद्वानो के नाम का प्रस्ताव, कुलाधिपति कार्यालय से चर्चा कर कुलाधिपति महोदय के अनुमोदन हेतु प्रेषित किये जाने के लिए कुलपति के अधिकृत किया गया।

(कार्यावाहीः स्टाफ आफिसर, कुलपति)

**मद संख्या 32.12 विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के संस्थान एवं विश्वविद्यालय घटक संस्थान के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों/अधिकारियों के चयन समितियों हेतु अन्य पिछड़ी जाति एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रतिनिधियों के पैनल पर अनुमोदन।**

कार्यपरिषद द्वारा पटल पर विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के संस्थान एवं विश्वविद्यालय घटक संस्थान के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों/अधिकारियों के चयन समितियों हेतु अन्य पिछड़ी जाति एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रतिनिधियों के पैनल पर चर्चा के उपरान्त कार्यवृत्त के साथ संलग्न सूची में उल्लिखित विशेषज्ञयों

के नाम पर अपना अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही, पटल पर विश्वविद्यालय के संस्थान, घटक संस्थान एवं संकाय महाविद्यालय के शैक्षिक पदो पर निकट भविष्य में चयन के लिए गठित की जाने वाली समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में सम्मिलितकिये जाने वाले विशेषज्ञो के नाम हेतु मा0 कुलाधिपति महोदय से अनुमोदित पैनल प्राप्त करने के लिए पटल पर प्रस्तुत विशेषज्ञ समिति के पैनल में सम्मिलित नामो को अनुशंसा साहित मा0 कुलपधिपति के अनुमोदन हेतु प्रेषित करने का निर्णय भी लिया।

(कार्यवाहीः स्टाफ आफिसर, कुलपति)

**मद संख्या 32.13 विश्वविद्यालय के संस्थान, विश्वविद्यालय के घटक संस्थान एवं वास्तुकला संकाय में कैरियर एडवांसमेन्ट योजना के अंतर्गत प्रोन्नति प्राप्त शिक्षकों को उनके प्रोन्नति प्राप्त पदों के समकक्ष रिक्त पदों पर समायोजित करने और अन्य रिक्त पदों के विपरीत उनसे निम्न श्रेणी के पदों द्वारा भरे जाने के संबंध में विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा के क्रम में संज्ञान लिया गया कि उक्त प्रस्ताव पर दिनांक 22.08.2017 को सम्पन्न अपनी 30वी बैठक में कार्यपरिषद द्वारा सहमति व्यक्त की गयी थी और उक्त के क्रम में शासन को तद्विषय पर नीति विख्यापित करने का अनुरोध भी किया गया है। कार्यपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि शासन को पुनः इस विषय पर प्राथमिकता पर नीति निर्धारित कर उसे विख्यापित करने के लिए अनुस्मरित किया जाय।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

**मद संख्या 32.14 विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शैक्षिक रूप से स्वाशासी संस्थानों के छात्रों को विश्वविद्यालय की छात्र कल्याणनिधि योजना से आच्छादित करने पर विचार।**

सचिव, कार्यपरिषद द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शैक्षिक रूप से अस्वाशासी संस्थानों के छात्रों के अभिभावको की मृत्यु की दशा में छात्र का अध्ययन प्रभावित न हो इस लिए विश्वविद्यालय की छात्र कल्याणनिधि योजना में अनुतोष देने की व्यवस्था है। यह व्यवस्था शैक्षिक रूप से स्वाशासी संस्थाओ के छात्रो पर नही लागू है। सचिव, कार्यपरिषद द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध व शैक्षिक स्वशासी संस्थान, कमला नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, सुलतानपुर द्वारा शैक्षिक रूप से स्वशासी संस्थान के छात्रों को भी छात्र कल्याणनिधि योजना के तहत आच्छादित करने का अनुरोध किया गया है।

परिषद द्वारा उक्त विषय बिन्दु पर सम्यक चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शैक्षिक रूप से स्वशासी संस्थान जिनके छात्र अद्यतन छात्र कल्याण निधि की योजना से अच्छादित नही थे, यदि इस व्यवस्था से अच्छादित होने का विकल्प चुनते है तो उनके द्वारा छात्र कल्याण निधि के अन्तर्गत

ली जाने वाली प्रस्तावित पॉलिसी का प्रीमियम या छात्र कल्याण निधि शुल्क रू0 250 (रूपये दो सौ पचास मात्र) जो भी अधिकतम होगा के भुगतान पर इस योजना में सम्मिलित होने की अनुमति होगी।

(कार्यवाहीः अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं वित्त अधिकारी)

**मद संख्या 32.15 विश्वविद्यालय के संस्थान, विश्वविद्यालय के घटक संस्थान एवं संकाय में संचालित/प्रस्तावित स्वावित्त पोषित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत संविदा पर शिक्षकों की नियुक्ति पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान, विश्वविद्यालय के घटक संस्थान एवं संकाय में संचालित/प्रस्तावित स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के सन्दर्भ में, प्रस्ताव में तद्विषय पर उद्धित उच्च शिक्षा विभाग के शासनादेश संख्या 602/सत्तर–4–2015–1212/2014 दिनांक 15 जुलाई, 2015 को अंगिकृत करने का निर्णय लिया। साथ ही, कार्यपरिषद द्वारा स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में संविदा पर शिक्षकों की नियुक्ति के प्रस्तुत प्रस्ताव पर इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमोदन प्रदान किया कि शासन द्वारा नियमित नियुक्ति हेतु सृजित पदो में से रिक्त पदो पर ही उक्त व्यवस्था के अनुसार तीन वर्ष की संविदा पर नियुक्ति की जा सकेगी। इस क्रम में कार्यपरिषद द्वारा यह भी निदेशित किया गया कि अन्य पाठ्यक्रमों, जिन हेतु शासन द्वारा शैक्षिक पद सृजित नही है, उन पाठ्यक्रमों को स्ववित्त पोषित आधार पर ही संचालित किया जायगा।

कार्यपरिषद द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी कि नियुक्ति की प्रकृति के अतिरिक्त नियमित शिक्षको को अनुमन्य वेतन एवं सुविधाओ और संविदा पर नियुक्त शिक्षको को अनुमन्य वेतन एवं सुविधाओं में यथा सम्भव कोई विशेष अन्तर नही होना चाहिए।

(कार्यवाहीः कुलसचिव कार्यालय एवं विश्वविद्यालय के संस्थान, घटक संस्थान एवं संकाय के निदेशक/के अधिष्ठाता)

**मद संख्या 32.16 विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के संस्थान, विश्वविद्यालय के घटक संस्थान एवं विश्वविद्यालय के संकाय महाविद्यालय के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर रिक्त पदों पर चयन हेतु गठित समितियों की संस्तुतियों पर विचार एवं अनुमोदन।**

सचिव, कार्यपरिषद द्वारा विगत 26 मार्च 2018 से 01 अप्रैल, 2018 के मध्य सम्पन्न विभिन्न चयन समितियों की अनुशंसाओं के सील बन्द लिफाफो को पटल पर कार्यपरिषद के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। परिषद को यह भी अवगत कराया गया कि चयन के लिए निर्गत विज्ञापन में सेन्टर आफ एडवास स्टडीज के सहायक कुलसचिव के पद की शैक्षिक अर्हता पद सृजन के आदेश में उल्लिखित अर्हता के अनुरूप थी परन्तु विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के अन्य संस्थान से इसकी भिन्नतः के कारण शासन से उक्त पद हेतु प्राप्त आवेदनो की स्क्रीनिंग विश्वविद्यालय के अन्य सहायक कुलसचिव पद हेतु निर्धारित अर्हता के अनुरूप किये जाने के सन्दर्भ में निर्देश प्राप्त करने के लिए शासन से अनुरोध किया गया था जो प्रतिक्षित है। इसके साथ ही, कार्यपरिषद को यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव पद की शैक्षिक अर्हता एवं वेतनमान पुनरीक्षण,

सम्बन्धी शासनादेश एवं पद सृजन सम्बन्धी मूल शासनादेश में भर्ती की विधि में भिन्नता एवं विश्वविद्यालय के डिप्टी कंट्रोल आफ एक्जामिनेशन के पद सृजन आदेश में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता के अस्पष्टता के कारण इस पद की शैक्षिक अर्हता को विश्वविद्यालय में सृजित उप कुलसचिव पद की निर्धारित अर्हता के अनुरूप विज्ञापित करने के कारण इन पदो की नियुक्ति पर शासन से आवश्यक निर्देश/स्पष्टीकरण का अनुरोध किया गया है। इसके क्रम में सचिव, कार्यपरिषद द्वारा परिषद को यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा शासन को उक्त स्पष्टीकरण की अपेक्षा के सन्दर्भ में यह आश्वस्त किया गया है कि शासन से उक्त तीनों पदो के शैक्षिक अर्हता/भर्ती के विधि के सन्दर्भ में स्पष्टीकरण तथा इन पर जारी चयन प्रक्रिया के निरन्तरता के सन्दर्भ में जो भी निर्देश प्राप्त होगे उसके अनुसार ही इन पदो पर नियुक्ति की कार्यवाही की जायगी। सचिव, कार्यपरिषद द्वारा अवगत कराये गये उपरोक्त स्थितियों का संज्ञान लेते हुए कार्यपरिषद द्वारा सेन्टर आफ एडावस स्टडीज के सहायक कुलसचिव तथा विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव एवं डिप्टी कट्रोल आफ एक्जामिनेशन के पदो पर शासन के स्पष्टीकरण एवं चयन प्रकिया के निरन्तरता के सन्दर्भ में निर्देश/स्पष्टीकरण प्राप्त होने के उपरान्त, चयन समिति की संस्तुतियों को कार्यपरिषद की ओर से स्वीकार करने हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया।

चयन कि लिए निर्गत विज्ञापन के शेष विज्ञापित पदो के सन्दर्भ में चयन समितियों की अनुशंसाओं का परिशीलनोपरान्त, कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के संस्थान, विश्वविद्यालय के घटक संस्थान एवं विश्वविद्यालय के संकाय महाविद्यालय के इन शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर पदों पर नियुक्ति हेतु चयन समिति की निम्नानुसार की गयी अनुशंसाओं को,

| क्र0 स0 | चयनित शिक्षक/ अधिकारी का नाम | पद नाम | विभाग/संस्थान | | वेतन आयोग | वेतनमान/ ग्रेड पे | मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ0 एच0के0 पालीवाल | निदेशक | आई0ई0टी0, लखनऊ | नियुक्ति | छठा | 37400–67 000 ग्रेड वेतन 10,000 विशेष भत्ता 3000/– | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 2 | डॉ0 विरेन्द्र पाठक | निदेशक | आई0ई0टी0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | छठा | 37400–67 000 ग्रेड वेतन 10,000 विशेष भत्ता 3000/– | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 3 | प्रो मनीष गौड | निदेशक | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज | नियुक्ति | छठा | 67000–79 000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 4 | डॉ0 वीरेन्द्र पाठक | निदेशक | यू0पी0 इंस्टी0 आफ डिजाइन | नियुक्ति | छठा | 37400–67 000 ग्रेड वेतन 10,000 विशेष भत्ता 3000/– | नियमानुसार निर्धारित वेतन |

| क्र0 स0 | चयनित शिक्षक/ अधिकारी का नाम | पद नाम | विभाग/संस्थान | | वेतन आयोग | वेतनमान/ ग्रेड पे | मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | डॉ0 राजीव कुमार सिंह | उप कुलसचिव | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–11 | 69400 |
| 6 | श्री विनय द्विवेदी | उप कुलसचिव | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–11 | 69400 |
| 7 | श्री आशुतोष द्विवेदी | उप कुलसचिव | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–11 | 69400 |
| 8 | श्री विनय कुमार लिटोरिया | उप कुलसचिव | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–11 | 69400 |
| 9 | श्री मनोज कुमार त्रिपाठी | उप कुलसचिव | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–11 | 69400 |
| 10 | श्री अमित कुमार | स्टाफ आफिसर | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 11 | श्री प्रीतेश सक्सेना | स्टाफ आफिसर | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 12 | श्री रंजीत सिंह | स्टाफ आफिसर | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 13 | श्री धमेन्द्र पाल सिंह | उप कुलसचिव | यू0आई0डी0, नोएडा | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 14 | श्री आशुतोष शुक्ला | सहायक कुलसचिव | यू0आई0डी0, नोएडा | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 15 | श्री रंजीत सिंह | सहायक कुलसचिव | यू0आई0डी0, नोएडा | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 16 | श्री पदम नाभ त्रिपाठी | सहायक कुलसचिव | यू0आई0डी0, नोएडा | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 17 | सुश्री अदिती मिश्रा | लॉ आफिसर | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 18 | शारदा प्रसाद शुक्ला | लॉ आफिसर | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 19 | अभिषेक दुआ | लॉ आफिसर | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 20 | श्री प्रवीन कुमार | व्यवस्थाधिकारी | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 21 | श्री राजीव मिश्रा | व्यवस्थाधिकारी | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |

| क्र0 स0 | चयनित शिक्षक/ अधिकारी का नाम | पद नाम | विभाग/संस्थान | | वेतन आयोग | वेतनमान/ ग्रेड पे | मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | श्री रंजीत सिंह | व्यवस्थाधिकारी | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 23 | श्री अनुराग सिंह यादव | व्यवस्थाधिकारी | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 24 | राजीव कुमार तिवारी | व्यवस्थाधिकारी | ए0के0टी0यू0, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–07 | 44900 |
| 25 | श्री राम कुमार पाठक | असिस्टेन्ट लाइब्रेरियन | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | नियुक्ति | षष्ठम | 15600–39100, ए0जी0पी0 –6000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 26 | श्री मनोज कुमार | असिस्टेन्ट लाइब्रेरियन | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600–39100, ए0जी0पी0 –6000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 27 | श्री गौरव राय | रिसर्च इंजीनियर | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 28 | श्री दिव्यांसू चौहान | रिसर्च इंजीनियर | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 29 | श्री वीर विक्रम | रिसर्च इंजीनियर | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 30 | सुश्री अंकिता श्रीवास्तव | रिसर्च इंजीनियर | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 31 | सुश्री सदका कौसर | रिसर्च इंजीनियर | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 32 | सुश्री वन्दना रानी वर्मा | रिसर्च इंजीनियर | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 33 | श्री प्रेम शंकर यादव | रिसर्च इंजीनियर | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 34 | सुश्री शुभी चतुर्वेदी | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 35 | सुश्री सादका कौसर | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 36 | श्री देवव्रत उपाध्याय | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |

| क्र0 स0 | चयनित शिक्षक/ अधिकारी का नाम | पद नाम | विभाग/संस्थान | | वेतन आयोग | वेतनमान/ ग्रेड पे | मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | श्री रंजीत श्रीवास्तव | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 38 | श्री विशाल मणी तिवारी | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 39 | श्री शशांक तिवारी | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 40 | सुश्री सादका कौसर | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा। | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 41 | श्री देवव्रत उपाध्याय | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा। | नियुक्ति | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 42 | श्री जितेन्द्र सिंह | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा। | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 43 | श्री विशाल मणी तिवारी | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड –1 | यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा। | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 44 | श्री वैभव गुप्ता | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड –1 | यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा। | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 45 | श्री गजेन्द्र कुमार | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड –1 | यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा। | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 46 | श्री मुकुल जैन | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–1 | यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा। | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 47 | श्री योगेश्वर यादव | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड –1 | यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा। | प्रतीक्षारत | सप्तम | लेवल–10 | 56100 |
| 48 | श्री कुमार सम्भव | एसोसिएट प्रोफेसर | यू0पी0 इंस्टीटयूट आफ डिजाइन, नोएडा | नियुक्ति | षष्ठम | 37400–67 000,ए0जी0 पी0 9,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 49 | श्री रवीन्द्र सिंह | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | यू0पी0 इंस्टीटयूट आफ डिजाइन, नोएडा। | नियुक्ति | षष्ठम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 50 | श्री अभिषेक श्रीवास्तव | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | यू0पी0 इंस्टीटयूट आफ डिजाइन, नोएडा | नियुक्ति | षष्ठम | 15600–39, 100,ए0जी0 पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 51 | श्री शंख सुर्वो घोष | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | यू0पी0 इंस्टीटयूट आफ डिजाइन, नोएडा। | नियुक्ति | षष्ठम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |

| क्र0 स0 | चयनित शिक्षक/ अधिकारी का नाम | पद नाम | विभाग/संस्थान | | वेतन आयोग | वेतनमान/ ग्रेड पे | मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | श्री आशीष वर्मा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | यू0पी0 इंस्टीटयूट आफ डिजाइन, नोएडा। | प्रतीक्षारत | सप्तम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 53 | डॉ0 मलय किशोर दत्ता | प्रोफेसर, | (सी0एस0ई0) सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ। | नियुक्ति | सप्तम | 37400–67 000, ए0जी0पी0 10,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 54 | डॉ0 शिव प्रकाश | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | (सी0एस0ई0), सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ। | नियुक्ति | सप्तम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 8,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 55 | डॉ0 दीप शिखा अग्रवाल | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | (सी0एस0ई0), सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | सप्तम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 8,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 56 | डॉ0 अनुज कुमार शर्मा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर, | (मैकाट्रानिक्स) सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ। | नियुक्ति | सप्तम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 8,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 58 | श्री पियूष जयसवाल | असिस्टेन्ट प्रोफेसर, | (नैनो टेक्नोलॉजी) सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ। | नियुक्ति | सप्तम | 15600–39, 100, ए0जी0पी08 ,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 59 | श्री अरूण कुमार | असिस्टेन्ट प्रोफेसर, | (नैनो टेक्नोलॉजी) सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | सप्तम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 8,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 60 | श्री नागेन्द्र प्रताप सिह | असिस्टेन्ट प्रोफेसर, | (नैनो टेक्नोलॉजी) सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | सप्तम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 8,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 61 | श्री अरूण कुमार राणा | एसोसिएट प्रोफेसर, | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | नियुक्ति | सप्तम | 37400–67 000, ए0जी0पी0 9,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 62 | श्री मेहन्द्र सेठी | एसोसिएट प्रोफेसर, | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | नियुक्ति | सप्तम | 37400–67 000, ए0जी0पी0 9,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 63 | श्री सुभ्राजीत बनर्जी | एसोसिएट प्रोफेसर, | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | नियुक्ति | सप्तम | 37400–67 000, ए0जी0पी0 9,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 64 | श्री वैभव कुलश्रेष्ठ | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | नियुक्ति | सप्तम | 15600–39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |

| क्र0 स0 | चयनित शिक्षक/ अधिकारी का नाम | पद नाम | विभाग/संस्थान | | वेतन आयोग | वेतनमान/ ग्रेड पे | मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 65 | श्री अन्जनेय शर्मा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | नियुक्ति | षष्ठम | 15600—39,100 ग्रेड वेतन 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 66 | श्री तबिस अहमत अब्दुल्लाह | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | नियुक्ति | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 67 | सुश्री सुप्री महेश्वरी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 68 | सुश्री मिता टण्डन | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 69 | श्री गौरव सिंह | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 70 | श्री नकूल कुमार नायक | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600—39, 100,ए0जी0 पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 71 | श्री विकास कुमार निर्मल | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 72 | श्री फैजान अली खान | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 73 | सुश्री जैबा निशार | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 74 | श्री गौरव सिंह | असिस्टेन्ट प्रोफेसर, | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | नियुक्ति | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 75 | श्री प्रभात कुमार राय | असिस्टेन्ट प्रोफेसर, | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | नियुक्ति | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |
| 76 | विकास कुमार निर्मल | असिस्टेन्ट प्रोफेसर, | वास्तुकला संकाय,ए0के0 टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600—39, 100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |

| क्र0 स0 | चयनित शिक्षक/अधिकारी का नाम | पद नाम | विभाग/संस्थान | | वेतन आयोग | वेतनमान/ग्रेड पे | मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | सुश्री जीवान्तिका सत्यार्थी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर, | वास्तुकला संकाय,ए0के0टी0यू0, लखनऊ। | प्रतीक्षारत | षष्ठम | 15600–39,100, ए0जी0पी0 6,000 | नियमानुसार निर्धारित वेतन |

स्वीकार किया गया। कार्यपरिषद ने चयन समिति की संस्तुतियो पर स्वीकृति के क्रम में यह भी स्पष्ट किया कि सेन्टर आफ एडवांस स्टडीज में असिस्टेट प्रोफेसर (नैनो टेक्नोलाजी) हेतु चयन समिति द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थी श्री पियुष जयसवाल के सन्दर्भ में चयन समिति के एक सदस्य द्वारा नियमित नियुक्ति न कर विभाग के शैशव अवस्था के दृष्टिगत किसी अभ्यर्थी को संविदात्मक आधार पर नियुक्त कर पुनः पद विज्ञापित कर नियुक्ति की कार्यवाही करने की अनुशंसा का कोई औचित्य नही पाती है, अतः परिषद चयनित अभ्यर्थी को नियमित रूप से नियुक्त करने की अनुमति देती है। कार्यपरिषद द्वारा अपेक्षा की गयी कि चयनित शिक्षकों/अधिकारियों के नियुक्ति पत्र प्राथमिकता पर निर्गत करना सुनिश्चित किया जाए। परिषद द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि यदि प्रथम वरीयता प्राप्त चयनित अभ्यर्थी, नियुक्ति स्वीकार नही करता है तो चयन के वरीयता क्रम में क्रमिक रूप से अगले स्तर पर संस्तुत अभ्यर्थी को नियुक्ति हेतु पात्र माना जाय। साथ ही, परिषद द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि नियुक्ति का उपरोक्त पैनल आगामी 06 माह के लिए वैध होगा। यदि नियुक्ति शिक्षक/अधिकारी द्वारा इस अवधि में अपने पद का त्याग किया जाता है तो पैनल में वरीयता के अगले क्रम पर उल्लिखित अभ्यर्थी को नियुक्ति हेतु पात्र माना जायगा।

परिषद के सम्मुख वास्तुकला संकाय महाविद्यालय के शिक्षको को कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत प्रोन्नति अनुमन्य करने के सम्बन्ध में स्क्रीनिक एण्ड इवेलुएशन कमेटी की संस्तुतियॉ भी प्रस्तुत की गयी। स्क्रीनिक एण्ड इवेलुएशन कमेटी की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए परिषद द्वारा सुश्री रितु गुलाटी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, को 15 मई, 2017 से "स्टेज फोर, पी0बी0 रू0 37400–67000, एजीपी 9000/–श्री राकेश पैजवार, असिस्टेन्ट प्रोफेसर को 01 फरवरी, 2018 से एजीपी0 8000/–एवं सुश्री फरीन बानो, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, को28 जुलाई, 2017 से एजीपी 7000/–अनुमन्य करने पर पर भी अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

**मद संख्या 32:17 विश्वविद्यालय में स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियमित कर्मियों के अतिरिक्त मानदेय एवं सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों की सूचना।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के संस्थानो में स्वीकृत शिक्षणेत्तर पदो के सापेक्ष कार्यरत नियमित कर्मीयों, निश्चित मानदेयकर्मीयों, सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कर्मीयो जिनमें महामाया प्राविधिक विश्वविद्यालय में सेवाप्रदाता के माध्यम से पूर्व से कार्यरत 10 तृतीय श्रेणी एवं 11 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सम्मिलित है, का संज्ञान लिया गया एवं निदेशित किया गया कि प्राथमिकता पर विश्वविद्यालय के मानव संसाधन की आवश्यकताओं के अनुसार पद सृजन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

**मद संख्या 32.18 विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति/सेवास्थानांतरण के आधार पर नियुक्ति के लिए प्राविधानित पद पर सीधी भर्ती की अनुमति देने पर विचार।**

सचिव, कार्यपरिषद द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में सृजित कई पद यथा सिस्टम मैनेजर, चिकित्सा अधिकारी, लेखा अधिकारी, सहायक अभियंता के सन्दर्भ में पद सृजन के आदेश में भर्ती के विधि के रूप में प्रादेशिक सेवा के उक्त संवर्ग से प्रतिनियुक्ति या सेवा स्थानान्तरण पर ही नियुक्ति का विकल्प दिया गया है, जबकि प्रादेशिक संवर्ग में अधिकारियों की समिति उपलब्धता के कारण इन पदो पर अधिकारी उपलब्ध नही हो पाते।

कार्यपरिषद द्वारा विचाराधीन बिन्दु पर चर्चा के उपरान्त इस समस्या का विकल्प इन पदो पर सीधी भर्ती की सम्भावना में निहित पाया गया। कार्यपरिषद द्वारा अपेक्षा की गयी कि शासन से इन पदो के सृजन सम्बन्धी शासनादेश में भर्ती के विधि में प्रतिनियुक्ति एवं सेवा स्थानान्तरण के साथ-साथ इसे सीधी भर्ती से भी भरे जाने का विकल्प सम्मिलित करते हुए उक्त शासनादेश को तद्स्तर तक संशोधित कर निर्गमित करने का अनुरोध किया जाय।

साथ ही, कार्यपरिषद ने सहायक अभियंता, चिकित्सा अधिकारी, उप कुलसचिव इत्यादि रिक्त या भविष्य में रिक्त होने वाले पदो पर नियमित नियुक्ति होने तक इन पदो हेतु वांछित शैक्षिक एवं अनुभवागत अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी को निर्धारित वेतनमान के न्यूनतम वेतन के समतुल्य संकलित मानदेय या इन पदो से सेवा निवृत्त अधिकारियों को "लास्ट पे माईनश पेंशन" की व्यवस्था के अधीन संविदा के आधार पर नियुक्त करने पर भी अपनी अनुमति प्रदान की।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

मद संख्या :32.19 डॉ0 एपी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सृजित पदों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं के दृष्टिगत नये पदो के सृजन के सम्बन्ध में विचार।

कार्यपरिषद द्वारा विचाराधीन विषय बिन्दु पर सम्ययक चर्चा के उपरान्त प्रदेश के दो प्राविधिक विश्वविद्यलायो के आमेलनोपरान्त गठित वर्तमान विश्वविद्यालय के गतिविधियों एवं उत्तरदायित्वों के प्रभावी निस्तारण हेतु निम्नोक्त पदों,

| क्र0सं0 | पद नाम | वेतनमान | प्रस्तावित पदों की संख्या | भर्ती स्रोत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उप कुलसचिव | लेबल–11 स्तर–1 | 01 | सीधी भर्ती या प्रतिनियुक्ति या प्रोन्नती |
| 2. | सहायक कुलसचिव | लेबल–07 स्तर–1 | 04 | |
| 3. | सहायक लेखाकार | लेबल–5 स्तर–1 | 06 | |
| 4. | वरिष्ठ लिपिक | लेबल–4 स्तर–1 | 13 | |
| 5. | कम्प्यूटर प्रोग्राम ग्रेड–ए | लेबल–10 स्तर–1 | 03 | सीधी भर्ती या प्रतिनियुक्ति |
| 6. | प्लेसमेन्ट अधिकारी | लेबल–10 स्तर–1 | 01 | |
| 7. | कम्प्यूटर आपरेटर | श्रम विभाग उत्तर प्रदेश शासन | 10 | सेवा प्रदाता क माध्यम से |
| 8. | कनिष्ठ लिपिक | श्रम विभाग उत्तर प्रदेश शासन | 30 | |
| 9. | वाहन चालक | श्रम विभाग उत्तर प्रदेश शासन | 05 | |
| 10 | अनुसेवक | श्रम विभाग उत्तर प्रदेश शासन | 20 | |

के सृजन की आवश्यकता के दृष्टिगत इन पदो के सृजन की सैद्धन्तिक सहमति के साथ इस पदो के सृजन के लिए शासन को अनुरोध प्रेषित करने का निर्णय लिया।

(कार्यवाही कुलसचिव)

मद संख्या 32.20 इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सीतापुर रोड, लखनऊ तथा लखनऊ कालेज आफ आर्किटेक्चर, लखनऊ को विश्वविद्यालय के घटक संस्थान/संकाय अधिसूचित करने के क्रम में विश्वविद्यालय की विनियमावली में व्यवस्था प्राविधानित करने पर विचार।

इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सीतापुर रोड, लखनऊ तथा लखनऊ कालेज आफ आर्किटेक्चर, लखनऊ को विश्वविद्यालय के घटक संस्थान/संकाय अधिसूचित करने के क्रम में विश्वविद्यालय की विनियमावली मे

किये गये वर्तमान प्राविधान के क्रम में इन संस्थान द्वय के सम्बन्ध में कार्यपरिषद द्वारा विचारोपरान्त निम्न निर्णय भी लिया गयाः–

1. इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी सोसाइटी, लखनऊ को तात्कालिक प्रभाव से विघटित किया जाता है। तद्सम्बन्ध में रजिस्ट्रार, सोसाइटी एवं चिट फंड को अवगत कराते हुए अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।
2. इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी सोसाइटी, लखनऊ के विघटन के फलस्वरूप इसकी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति का स्वामित्व विश्वविद्यालय को स्थानान्तरित करने का आदेश शासन स्तर से निर्गत करने के लिए, शासन से अनुरोध किया जाय।
3. पूर्व गर्वन्मेन्ट कालेज आफ आर्किटेक्चर की समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति को विश्वविद्यालय को स्थानान्तरित करने का आदेश शासन स्तर से निर्गत करने के लिए, शासन से अनुरोध किया जाय।
4. संस्थान द्वय एवं उनकी प्रवर्तक सोसाइटी के विरूद्ध पूर्व से योजित समस्त वाद विश्वविद्यालय के दायित्व होगें।
5. संस्थान द्वय के समस्त कर्मचारी विश्वविद्यालय के कर्मचारी होगें तथा विश्वविद्यालय के प्रशासकीय नियंत्रणाधीन होगें।
6. घटक संस्थान/संकाय घोषित होने के पूर्व से इन संस्थानो में कार्यरत समस्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक लाभो को पूर्व की व्यवस्थानुसार यथा कोषागार से पेन्शन भुगतान एवं ग्रेच्यूटी इत्यादि की अनुमन्यता यथावत रहेगी। इसको सैद्धन्तिक रूप से अनुमोदित करते हुए इस सन्दर्भ में राज्य सरकार को प्राथमिकता पर शासनादेश निर्गत करने का निर्णय लिया गया।
7. संस्थान द्वय के निदेशक/अधिष्ठाता को संस्थान की आवश्यकताओ हेतु रू0 1,00,000/– तक व्यय अनुमोदित करने का अधिकार होगा। रू0 1,00,000/– के ऊपर के समस्त व्यय की अनुमति एवं भुगतान विश्वविद्यालय के आहरण एवं वितरण अधिकारी के माध्यम् से संचालित होगा।
8. 19 मई 2008 के पश्चात इन संस्थान द्वय में नियुक्त निदेशक, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी की सेवा शर्ते विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं विनियम के अन्तर्गत संचालित होगी।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

मद संख्या 32.21 माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से अन्य मद।

मद संख्या 32.21.1 इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, लखनऊ में सिविल इंजीनियिरिंग विभाग के शोध छात्र श्री देवेश ओझा द्वारा कोर्स वर्क की परीक्षा में गयी अनियमितता पर विचार।

बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव पर निर्णय हेतु परिषद द्वारा कुलपति को अधिकृत किया गया।

(कार्यवाहीः अधिष्ठता, परास्नातक पाठ्यक्रम एवं शोध)

मद संख्या 32. 21.2 **इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, लखनऊ के विभिन्न विभागो में पद सृजन के प्रस्ताव पर विचार।**

बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, लखनऊ में बी0टेक कैमिकल इंजीनियरिंग, एम0सी0ए0 तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित एम0टेक0 पाठ्यक्रमों हेतु अभातशिप के मानकानुसार पद सृजन के लिए परिषद द्वारा सैद्धन्तिक सहमति प्रदान की गयी एवं निदेशक, आई0ई0टी0 से अपेक्षा की गयी कि वह इस सम्बन्ध में वित्तीय उपाशय सहित विस्तृत प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराये ताकि विश्वविद्यालय द्वारा तद्नुसार पद सृजन के प्रस्ताव को शासन को प्रस्तुत किया जा सके।

साथ ही, कार्यपरिषद द्वारा इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, लखनऊ में स्ववित्त पोषित आधार पर चल रहे परास्नातक एवं स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए संविदा पर शिक्षको को रखने पर भी अनुमति प्रदान की गयी।

(कार्यवाहीः निदेशक, आई0ई0टी एवं कुलसचिव, ए0के0टी0यू0)

मद संख्या 32. 21.3 **इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, लखनऊ के एप्लाइड साइंस एण्ड ह्यूमिनीटीज विभाग के प्रोफेसर, डा0 अरूण कुमार कटियार की पूर्व संस्था में की गयी सेवाओ को आई0ई0टीं0, लखनऊ की अर्हकारी सेवा में अन्य लाभो हेतु जोडे जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव पर चर्चा के उपरान्त परिषद द्वारा उक्त पर सैद्धन्तिक सहमति प्रदान करते हुए वित्त अधिकारी ए0के0टी0यू0 को अधिकृत किया की वे वित्तीय नियमो के अन्तर्गत उक्त की अनुमन्यता का परीक्षण कर नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही हेतु स्थापना विभाग को अवगत कराये।

(कार्यवाहीः वित्त अधिकारी)

मद संख्या 32. 21.4 टेक्यूप परियोजना (फेस–3) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के आगामी प्रथम त्रिमास के एक्शन प्लान एवं रिवाईज्ड प्रक्योरमेन्ट प्लान पर विचार।

परिषद द्वारा पटल पर प्रस्तुत विश्वविद्यालय के आगामी प्रथम त्रिमास के एक्शन प्लान एवं रिवाईज्ड प्रक्योरमेन्ट प्लान पर गहन चर्चा के उपरान्त उक्त एक्शन प्लान एवं रिवाईज्ड प्रक्योरमेन्ट प्लान पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाहीः समन्वयक–टेक्यूप परियोजना, ए0के0टी0यू0)

मद संख्या 32.21.5 इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, लखनऊ के शिक्षक द्वारा राज्य सरकार के प्राविधिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान के संस्था प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप उन्हे सेवा स्थानान्तरण के आधार पर कार्यमुक्त करने पर कार्योत्तर अनुमोदन पर विचार।

विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, लखनऊ के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ एन0बी0 सिंह, एवं डा0 एस0पी0 शुक्ला के क्रमशः हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानुपर के कुलपति एवं राज्य सरकार के प्राविधिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा के निदेशक पद पर हुई नियुक्ति एवं तद्क्रम में पदभार ग्रहण करने के लिए इन्हे सेवा स्थानान्तरण के आधार पर क्रमशः दिनांक 20 फरवरी, 2018 एवं 20 जनवरी, 2018 से कार्यमुक्त किये जाने पर कार्यपरिषद द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किय गया।

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

मद संख्या 32.21.6 ई–यूनिवर्सिटी योजनान्तर्गत साफ्टवेयर डेवलपमेन्ट के लिए एन0आई0सी0 को दो प्रोग्रामर तथा कुलाधिपति कार्यालय को ई–यूनिवर्सिटी योजना के लॉजिस्टीक सर्पोट हेतु एक नेटवर्क इंजीनियर एवं दो प्रोग्राम सहित अन्यन्य भौतिक संशाधन उपलब्ध कराने की अनुमति पर विचार।

ई–यूनिवर्सिटी योजनान्तर्गत साफ्टवेयर डेवलपमेन्ट के लिए एन0आई0सी0 को दो प्रोग्रामर तथा कुलाधिपति कार्यालय को ई–यूनिवर्सिटी योजना के लॉजिस्टीक सर्पोट हेतु एक नेटवर्क इंजीनियर एवं दो प्रोग्राम सहित कुलाधिपति कार्यालय में उच्च स्तरीय वीडियो कान्फ्रेसिंग सुविधा स्थापित करने के प्रस्ताव पर सम्यक चर्चा के उपरान्त कार्यपरिषद द्वारा अपना अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक में औपचारिक विषयो पर चर्चा के उपरान्त कुलपति महोदय के विगत पौने तीन वर्ष के कार्यकाल के विशिष्ट उपलब्धियों के सन्दर्भ में एक सक्षिप्त प्रस्तुतिकरण अधिष्ठाता स्नातक पाठ्यक्रम एवं अधिष्ठाता, परास्नातक पाठ्यक्रम एवं शोध द्वारा सम्मिलित रूप से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतिकरण के उपरान्त विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद के मा0 सदस्य प्रो0 एस0जी0 धाण्डे जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एकेडमी एडवाइजरी काउन्सिल के अध्यक्ष भी है द्वारा परिषद को अवगत कराया गया कि यदि ओपन सोर्स लर्निंग में किसी पाठ्यक्रम विशेष की उपलब्धता नही है तो उसके बावत यू0जी0सी0 या ए0आई0सी0टी0 (यथा लागू) को अवगत कराया जा सकता है या विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानो के शिक्षको द्वारा पाठ्यक्रम को तैयार भी किया जा सकता है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस हेतु 14 लाख रूपये प्रति पाठ्यक्रम का वित्तीय अनुदान भी उपलब्ध है। उनके द्वारा अपेक्षा की गयी कि विश्वविद्यालय को इस हेतु विशेष प्रयास करने चाहिए।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

(ओम प्रकाश राय)
कुलसचिव

(प्रो0 विनय कुमार पाठक)
कुलपति